रक्त की कहानी

1.

पाठ का सारांश

इस पाठ में स्मिथा की माँ उसे रक्त के बारे में विशेष जानकरी देती हैं। वे बताती हैं कि रक्त हमारे शरीर में सबसे महत्वपूर्ण काम करता है। रक्त की यदि कमी हो जाए तो मनुष्य अस्वस्थ हो जाता है। संतुलित भोजन से शरीर में रक्त संबंधी बीमारी नहीं होती।

Summary

In this lesson Smitha's mother gives her information about blood. She tells that blood plays an important role in our body. Man becomes unwell if there is lack of blood. If we take balanced diet, we will never face blood related disease.

2. पढ़ें, समझें और अनेकार्थक शब्दों का मिलान करें—

घड़ी	एक दिशा, पहले
लाल	पालनेवाला, एक साग
पालक	समय दिखानेवाला यंत्र, समय
पूर्व	एक रंग, पुत्र

(घड़ी → समय दिखानेवाला यंत्र, समय; लाल → एक रंग, पुत्र; पालक → पालनेवाला, एक साग; पूर्व → एक दिशा, पहले)

3. पढ़ें और क्रियाविशेषण शब्दों के नीचे रेखा खींचें—

क. प्रतिभा रात के दस बजे कानपुर पहुँची।

ख. आप अभी ऊपर न जाएँ।

ग. सौरभ ने सोच-विचारकर उत्तर दिया।

घ. वह एक कदम भी आगे न बढ़ा सकी।

ङ. वह कम खाता है।

4. वाक्यों को दिए गए काल की क्रिया से पूरा करें—

क. नेहा काम ···करती··है···।

ख. किसान ने खेत में हल ···चलाया था···।

ग. मधुमक्खी फूलों का रस ···पीती है···।

घ. क्या तुम कल बाज़ार ···जाओगे··· ?

ङ. बच्चा गेंद से ···खेल रहा था···।

5.

क. हीमोग्लोबिन किसे कहते हैं?

हीमोग्लोबिन एक पदार्थ है जो खून के रंग को लाल करता है।

ख. प्लेटलेट क्या हैं? इनकी क्या विशेषता है?

रक्त में लाल तथा सफ़ेद कणों के अतिरिक्त जो अन्य कण होते हैं, उन्हें प्लेटलेट कहते हैं। ये इतने छोटे होते हैं कि इन्हें केवल माइक्रोस्कोप से ही देख सकते हैं।

ग. अनीमिया की बीमारी किस कारण होती है?

अनीमिया की बीमारी शरीर में खून की कमी से होती है।